महत्वपूर्ण/परीक्षा /ई0मेल द्वारा।

प्रेषक,

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

सेवा में,

प्रधानाचार्य/निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध समस्त,
राजकीय/अनुदानित/निजी क्षेत्र की संस्थाएं।

पत्रांकः प्राशिप/अनु0–4/परी0 कार्य0/2024/ 1800 लखनऊः दिनांकः– 15/06/24

विषयः सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा जून–2024 के अन्तिम परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक कार्यालय द्वारा प्रेषित पत्र संख्या प्राशिप/अनु–04/2024/309, दिनांक 16.04.2024, एवं पत्र संख्या प्राशिप/अनु04/2024/1570, दिनांक 07.06.2024, का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिनके द्वारा परिषद द्वारा आयोजित होने वाली सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा जून–2024 का प्रस्तावित परीक्षा कार्यक्रम परिषद की वेबसाइट पर अपलोड किया गया था।

सूच्य है कि परिषद परीक्षा समिति द्वारा दिनांक 14.06.2024 को लिये गये निर्णय के क्रम में सम सेमेस्टर/वार्षिक/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा जून–2024 की फार्मेसी पाठ्यक्रम की समस्त परीक्षाएं दिनांक 22.06.2024 से 30.06.2024 के मध्य एवं सम सेमेस्टर/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा दिनांक 01.07.2024 से 26.07.2024 के मध्य होना निर्धारित है। संशोधित एवं अन्तिम परीक्षा कार्यक्रम परिषद वेबसाइट www.bteup.ac.in पर अपलोड कर दिया गया है। अतः उक्त के क्रम में आपसे अनुरोध है कि उपरोक्त परीक्षा कार्यक्रम का भलिभांति परीक्षण/अवलोकन करते हुए संस्था में अध्ययनरत् छात्र/छात्राओं को अपने स्तर से सूचित करने का कष्ट करें।

भवदीय

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।

पृ0सं0–प्राशिप/अनु0–4/परी0 कार्य0/2024/1801–05 तद्दिनांकः– 15–06/24

प्रतिलिपिःनिम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को प्रमुख सचिव महोदय के सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
3. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र, दौराला मेरठ।
4. समस्त प्रभारी/अनुभाग अधिकारी, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
5. प्रभारी, कम्पयूटर अनुभाग, प्रा0शि0प0 को इस निर्देश के साथ कि अद्यतन परीक्षा कार्यक्रम को परिषद की वेबसाइट पर अपलोड करना सुनश्चित करें।

(अजीत कुमार मिश्र)
सचिव।